an>

Title :Need to extend tax exemption on industries set up in Naxal affected areas of the country.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान महाराÂष्ट्र के अपने संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली-चिमुर की तरफ आकर्Âिषत करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मेरे क्षेत्र में वन सम्पदा, खनिज सम्पदा और जल सम्पदा बड़े पैमाने पर है।...(व्यवधान) यही नहीं, ग्रेनाइट, डोलोमाइट, हीरा, पन्ना, सोना, मैंगनीज और कोयला आदि खनिज सम्पदा वहां बड़े पैमाने पर है और विशेÂष तौर पर 80 प्रतिशत फॉरेस्ट क्षेत्र है। ...(व्यवधान) इन सभी वन सम्पदा एवं खनिज सम्पदा पर आधारित कई कारखाने एवं उद्योग-धन्धे खड़े किए जा सकते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं कर सके, तो इसका एक ही कारण है कि वहां अच्छे रास्तों का निर्माण नहीं होना और रेलवे नेटवर्क का नहीं होना। ...(व्यवधान) इन दो वÂर्षों के भीतर केन्द्र सरकार ने मेरे क्षेत्र में अच्छा रेलवे नेटवर्क मंजूर किया है और अच्छे रास्ते निर्माण भी मंजूर किया है यानि वहां नेशनल हाइवे मंजूर किया है, जिसकी लागत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, रेल लाइन और नेटवर्क यदि वहां खड़ा हो गया तो वहां बड़े-बड़े कारखाने एवं उद्योग-धन्धे लग जाएंगे।...(व्यवधान) मेरा आपसे अनुरोध है कि वहां अच्छे रास्तों का निर्माण होने के बाद कारखाने एवं उद्योग-धन्धे खड़े हो जाएंगे,...(व्यवधान) लेकिन हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखण्ड में उद्योगों को केन्द्र सरकार राज्य और केन्द्रीय करों से मुक्त किया है, वहां टैक्स हॉलीडे पैकेज घोÂिषत किया है।...(व्यवधान) इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र में भी उद्योगों को केन्द्रीय एवं राज्य करों से मुक्त करने के लिए हॉलीडे पैकेज यदि घोÂिषत कर दिया जाए तो वहां उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा,...(व्यवधान) वहां विकास होगा और वहां जो बड़ी संख्या में बेरोजगार भटक रहे हैं, जो गलत रास्ते पर जा रहे हैं, वे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।...(व्यवधान) यही मेरा आपसे अनुरोध है। ...(व्यवधान)